CBSE Class 7 Social Science Important Questions Civics Chapter 2 स्वास्थ्य में सरकार की भूमिका

प्रश्न 1.
हाकिम शेख किस संस्था के सदस्य थे?
उत्तर:
हाकिम शेख 'पश्चिम बंग खेत मजदूर समिति' के सदस्य थे।

प्रश्न 2.
कोस्टारिका किस महाद्वीप का सबसे स्वस्थ देश माना जाता है?
उत्तर:
दक्षिणी-अमेरिका महाद्वीप का।

प्रश्न 3.
रंजन के इलाज में अधिक पैसा क्यों खर्च हुआ?
उत्तर:
एक अच्छे निजी अस्पताल में रंजन का इलाज कराने के कारण इलाज में अधिक पैसा खर्च हुआ।

प्रश्न 4.
रंजन को अस्पताल देखने में कैसा लगा?
उत्तर:
रंजन को अस्पताल देखने में पाँच सितारा होटल जैसा लगा?

प्रश्न 5.
1950 से 2000 के बीच भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा में कितनी वृद्धि हुई है?
उत्तर:
सन् 1950 में भारत में 2717 अस्पताल थे जो 2000 में बढ़कर 18218 हो गये।

प्रश्न 6.
संसार भर में किस देश में सर्वाधिक चिकित्सा महाविद्यालय हैं?
उत्तर:
भारत में।

प्रश्न 7.
दवाइयाँ निर्मित करने वाला विश्व का तीसरा बड़ा देश कौनसा है?
उत्तर:
भारत।

प्रश्न 8.
संचारणीय बीमारियाँ किन्हें कहते हैं?
उत्तर:
जो बीमारियाँ एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भोजन, पानी, हवा आदि माध्यमों से संचारित हो जाती हैं, संचारणीय बीमारियाँ कहलाती हैं।

प्रश्न 9.
हम स्वास्थ्य सेवाओं को किन दो वर्गों में बाँट सकते हैं?
उत्तर:
हम स्वास्थ्य सेवाओं को दो वर्गों में बाँट सकते हैं। ये हैं-

- सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ,
- निजी स्वास्थ्य सेवाएँ।

प्रश्न 10.
आर.एम.पी. क्या है?
उत्तर:
आर.एम.पी. का आशय 'पंजीकृतं चिकित्सा व्यवसायी' से है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
बीमारी के अतिरिक्त हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
बीमारी के अतिरिक्त हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक ये हैं-

- पीने का अस्वच्छ पानी
- प्रदूषित वातावरण
- पर्याप्त तथा पोषणीय भोजन का अभाव
- गन्दगी।

प्रश्न 2.
हमारे देश में किस प्रकार की निजी स्वास्थ्य सेवाएँ कार्यरत हैं?
उत्तर:
हमारे देश में निम्नलिखित निजी स्वास्थ्य सेवाएँ कार्यरत हैं-

- काफी बड़ी संख्या में डॉक्टर अपनी निजी क्लीनिक चलाते हैं।
- ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी (RMP) कार्यरत हैं।
- शहरी क्षेत्रों में काफी बड़ी संख्या में डॉक्टर हैं, उनमें से अनेक विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान करते हैं। यहाँ निजी अस्पताल तथा नर्सिंग घर हैं। यहाँ विभिन्न प्रकार की जाँचों के निजी जाँच केन्द्र हैं।
- यहाँ दवाइयों की दुकानें हैं जिनसे हम दवाइयाँ खरीदते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 3.
बीमारियों से बचाव के लिए हमें कौन-कौनसी स्वास्थ्य सेवाएँ आवश्यक हैं?
उत्तर:
बीमारियों से बचाव के लिए हमें निम्न प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ आवश्यक हैं-

- अस्पताल
- स्वास्थ्य केन्द्र
- परीक्षण हेतु प्रयोगशालाएँ
- एंबुलेंस की सुविधा
- ब्लड बैंक
- स्वास्थ्य सेवक, नर्से तथा डॉक्टर
- आवश्यक दवाइयाँ तथा उपकरण।

प्रश्न 4.
सरकारी अस्पताल में अमन को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा
?
उत्तर:
सरकारी अस्पताल में अमन को निम्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा-

- उसे ओ.पी.डी. काउंटर पर एक लम्बी लाइन में इंतजार करना पड़ा?
- उसे खून की जाँच के लिए भी एक लम्बी लाइन में खड़ा होना पड़ा?
- उसे खून की जाँच के नमूने तीन दिन बाद प्राप्त हुए।
- खून की जाँच के नमूने की रिपोर्ट लेकर उसे फिर लाइन में लगना पड़ा। इस बार उसे दूसरा डॉक्टर मिला, जिसने उस रिपोर्ट के आधार पर उसे दवाई दी।

प्रश्न 5.
सरकार द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य सेवा को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा' क्यों कहा जाता है?
उत्तर:
सरकार द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य सेवा को 'सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा' निम्न कारणों से कहा जाता है-

- सरकार ने सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की वचनबद्धता को पूरा करने के लिए ये अस्पताल तथा स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए हैं।
- इन सेवाओं के संचालन के लिए धन उस पैसे से आता है जो लोग सरकार को टैक्स के रूप में देते हैं।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा का उद्देश्य अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क या बहुत कम कीमत पर देना है, जिससे गरीब लोग भी इलाज करा सकें।